आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 30.03.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह सहित चार हस्तियों को मिला मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान।
- भारतीय जनता पार्टी ने 27 सदस्यों की चुनाव घोषणा पत्र समिति बनाई, राजनाथ सिंह होंगे अध्यक्ष।
- आज प्रदेशभर में रंगपंचमी की धूम, जुलूस में निकले हुरयारे।
- प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना।

राष्ट्रपति भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

भाजपा चुनाव समिति

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया गया है और संयोजक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन होंगी। 27 सदस्यीय समिति में मध्यप्रदेश से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को शामिल किया गया है। सह संयोजक महाराष्ट से पीयूष गोयल को बनाया गया है। समिति में अर्जुन मुंडा, भूपेद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, किरेन रिजीजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेन्द्र पटेल, हिमंता विश्वसरमा, विष्णुदेव साय, वसुंधरा राजे, स्मति ईरानी, जुएल ओराम, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, विनोद तावडे, राधामोहन दास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड, अनिल पाटनी और तारीक मंसूर सदस्य होंगे।

चुनाव आयोग एक्जिट पोल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6.30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार–प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

मतदाता जागरूकता

लोकसभा चुनाव की तारीखे पास आने के साथ मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक तैयारियां जारी है। शहडोल जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन कर लोगों को मतदान का पाठ पढ़ाया जा रहा है। यह पाठशाला हर मतदान केंद्र पर लगाने की तैयारी है। फिलहाल जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के कुछ गांवों में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया है। ग्राम टेटका में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। पलसउ गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है।

नामांकन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण में आज 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 8 अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

श्री अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी के बाद 88 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। नाम वापस लेने के अंतिम दिन आज 19 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिए आज दो अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा को प्रस्तुत किए हैं। इनमे गणेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से और अजीत ने पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक से नामांकन भरा । बैतूल संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं सांसद दुर्गादास

उईके ने आज अपना निर्वाचन नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन–पत्र प्राप्त किये। इस प्रकार दो दिन में कुल आठ नामांकन क्रय किए गए।

<u>जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

रंगपंचमी

रंगपंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में उमंग, उत्साह और परंपरागत तौर पर मनाया गया। इंदौर में रंगपंचमी के अवसर पर आज रंगों से सराबोर विष्व प्रसिध्द गेर का आयोजन किया गया। टोरी कॉर्नर से राजबाड़ा तक निकली इस गेर में लाखों की संख्या में हुरियारे और नागरिक षामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी रथ से रंगों की बौछार कर हुरियारों का उत्साह बढ़ाया। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में जहां बडे–बुजुर्ग रंग–गुलाल लगाकर रंगपंचमी मनाई । वहीं बच्चों में भी एक–दूसरे को पिचकारी से रंग डालने का उत्साह देखा गया। हमारे विदिशा संवाददाता ने बताया कि नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला गया। इस दौरान रंग की टंकियों से खूब रंग गुलाल खेला गया। जुलूस गुप्तेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, तिलक चौक, माधवगंज, हॉस्पिटल रोड, नीमताल होते हुए वापस गुप्तेश्वर मंदिर में संपन्न हुआ। .आयोजकों ने बताया की विदिशा में सार्वजनिक होली उत्सव पिछले 80वर्षो से मनाया जा रहा है। खंडवा स्पार्कल ने रंग पंचमी के अवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वृंदावन विहार कॉलोनी में किया। सतना और गुना जिले में भी रंगपंचमी का त्यौहार पूरे उत्साह साथ मनाया गया।

भोजशाला सर्वे

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। आज 9 वें दिन भी सर्वे का कार्य किया गया। आज प्रातः आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्वे दल ने भोजशाला परिसर में सुबह 8 बजे प्रवेश किया। गौरतलब है कि एएसआई द्वारा पिछले 8 दिनों से वैज्ञानिक आधार पर भोजशाला का परीक्षण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वे में विशेषज्ञ अधिकारियों के विभिन्न 4 दल परिसर में अलग–अलग कार्यों को अंजाम दे रहे हैं ।

मौसम

मौसम विभाग ने आज से देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में फिर से तेज वर्षा और तूफान की आशंका व्यक्त की है। पश्चिमोत्तर भारत में भी कल तक हल्की से मध्यम वर्षा तथा आंधी–तूफान की भविष्यवाणी की गई है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भी कुछ जगहों पर भारी वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में कई स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। राजधानी भोपाल में आज भी मौसम बदला हुआ है। सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने जबलपुर, रीवा, शहडोल संभाग में कहीं कहीं बौछारें पडने और राजगढ, बैतूल, सागर, पन्ना, टीकमगढ, दमोह, छतरपुर जिलों में शुष्क रहने का अनुमान जताया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- नीमच जिले में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा अफीम तोल का कार्य आज से शुरू किया गया है जो 8 अप्रैल तक चलेगा।
- लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहडोल में 4 आदतन बदमाशों का जिला बदर किया गया है।
- इन्दौर जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने इन्दौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण सम्पूर्ण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।
- लोकसभा चुनाव में बरती गई लापरवाही को लेकर जबलपुर जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि 13 को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है।
- आगरमालवा नगर पालिका ने सम्पत्ति कर वसूली में प्रदेश में तीसरा स्थान हांसिल किया है। इसके लिये प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका को सात लाख 20 हजार रूपये स्वीकृत कर पुरूस्कृ त किया है।

मतदाता जागरूकता

लोकसभा चुनाव की तारीखे पास आने के साथ मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक तैयारियां जारी है। शहडोल जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन कर लोगों को मतदान का पाठ पढ़ाया जा रहा है। यह पाठशाला हर मतदान केंद्र पर लगाने की तैयारी है। फिलहाल जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के कुछ गांवों में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया है। ग्राम टेटका में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। पलसउ गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है।

नामांकन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण में आज 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 8 अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

श्री अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी के बाद 88 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। नाम वापस लेने के अंतिम दिन आज 19 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिए आज दो अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा को प्रस्तुत किए हैं। इनमे गणेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से और अजीत ने पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक से नामांकन भरा । बैतूल संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं सांसद दुर्गादास उईके ने आज अपना निर्वाचन नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन–पत्र प्राप्त किये। इस प्रकार दो दिन में कुल आठ नामांकन क्रय किए गए।

भोजशाला सर्वे

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। आज 9 वें दिन भी सर्वे का कार्य किया गया। आज प्रातः आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्वे दल ने भोजशाला परिसर में सुबह 8 बजे प्रवेश किया। गौरतलब है कि एएसआई द्वारा पिछले 8 दिनों से वैज्ञानिक आधार पर भोजशाला का परीक्षण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वे में विशेषज्ञ अधिकारियों के विभिन्न 4 दल परिसर में अलग–अलग कार्यों को अंजाम दे रहे हैं ।